वर्ष - 01 | अंक - 215 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - सोमवार, 26 जनवरी ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# भीलवाड़ा फोकस

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकानाएं

# मालासेरी डूंगरी के विकास को मिली नई गति, 48.74 करोड़ की राशि से जल्द शुरू होंगे कार्य

## देवनारायण जी के 1114वें अवतरण दिवस पर केंद्रीय संस्कृति मंत्री ने की ऐतिहासिक घोषणा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

**मूलचंद पेसवानी** आसींद क्षेत्र की पावन मालासेरी डूंगरी और सवाईभोज की धरती को सांस्कृतिक पुनर्जागरण की नई पहचान मिलने जा रही है। केंद्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि मालासेरी डूंगरी के समग्र विकास हेतु स्वीकृत 48.74 करोड़ रुपये की राशि से शीघ्र ही विकास कार्य प्रारंभ किए जाएंगे। यह भूमि न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और प्राकृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक भी है। केंद्रीय मंत्री रविवार को भीलवाड़ा जिले के आसींद क्षेत्र स्थित मालासेरी डूंगरी में भगवान विष्णु के अवतार श्री देवनारायण जी के 1114वें अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित भव्य समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति को समाप्त करने के अनेक प्रयास इतिहास में हुए, लेकिन देव पुरुषों ने अवतार लेकर संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

केंद्रीय मंत्री शेखावत ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकारें मिलकर धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण व विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही हैं। इसी क्रम में मालासेरी डूंगरी के विकास के लिए भव्य प्रवेश द्वार, कॉरिडोर, ओपन थिएटर, भोजनशाला सहित विभिन्न कार्यों की स्वीकृति दी गई है। परियोजना की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और जल्द ही धरातल पर काम शुरू होगा।





इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने प्रस्तावित कॉरिडोर और भगवान देवनारायण जी के पैनोरमा का अवलोकन किया। साथ ही सवाईभोज मंदिर एवं मालासेरी डूंगरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर दर्शन किए तथा यज्ञ में पूर्णाहुति दी।

राजस्थान धरोहर विकास प्राधिकरण बोर्ड के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि स्वीकृत विकास कार्यों के लिए जिला प्रशासन द्वारा भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने समस्त श्रद्धालुओं और आमजन को देवनारायण जी के अवतरण दिवस की शुभकामनाएं दीं।

मालासेरी डूंगरी मंदिर के मुख्य पुजारी हेमराज पोसवाल ने स्वागत उद्बोधन में केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहे, जिससे आवश्यकतानुसार विकास कार्य निरंतर होते रहें।

कार्यक्रम के समापन पर आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला ने मंचासीन अतिथियों, श्रद्धालुओं और आमजन का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में सांसद दामोदर अग्रवाल, आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला, मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना, पूर्व मंत्री कालूलाल गुर्जर, जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू, पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व विधायक रामलाल गुर्जर, जोधपुर बार एसोसिएशन अध्यक्ष रणजीत जोशी, अनिरुद्ध सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# इंसानियत शर्मसार : सड़क पर मिली नवजात बच्ची की क्षत-विक्षत लाश, जंगली जानवरों ने नोचा

## अज्ञात महिला पर केस, पुलिस जांच में जुटी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





जिले के बनेड़ा थाना क्षेत्र में रविवार लो एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। नानुदिया और कमालपुरा गांव के बीच सड़क पर एक नवजात बच्ची का जंगली जानवरों द्वारा नोचा हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने जब सड़क पर जानवरों को शव नोचते देखा तो उन्हें भगाया और तुरंत पुलिस को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार किसी अज्ञात व्यक्ति ने नवजात बच्ची को कपड़े में लपेटकर प्लास्टिक के कट्टे में डालकर बीच सड़क पर फेंक दिया। इसी दौरान जंगली जानवरों और कुत्तों की नजर उस पर पड़ गई और वे उसे कट्टे से बाहर निकालकर नोचने लगे। यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि बच्ची की मौत पहले हो चुकी थी या जानवरों के हमले से उसकी जान गई।

सूचना मिलते ही बनेड़ा थाना प्रभारी पीतांबर वैष्णव पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। बाद में जिला मुख्यालय से एमओबी टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य एकत्र किए। 108 एम्बुलेंस की सहायता से नवजात को सीएचसी पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

फिलहाल पुलिस ने नवजात के शव को मोर्चुरी में रखवाकर अज्ञात महिला व व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

# पुर थाना क्षेत्र में पुलिस मुठभेड़, बदमाश के पैर में लगी गोली

## हाथी भाटा आश्रम के पास हुई कार्रवाई, आरोपी अस्पताल में भर्ती

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शहर के पुर थाना क्षेत्र में पुलिस और एक बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में 30 वर्षीय आरोपी जितेंद्र सिंह गोली लगने से घायल हो गया। यह मुठभेड़ हाथी भाटा आश्रम के समीप हुई।



जानकारियां के अनुसार, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस टीम उसका पीछा कर रही थी। इसी दौरान आश्रम के पास आरोपी अचानक पुलिस के सामने आ गया। हालात बिगड़ने पर हुई जवाबी कार्रवाई में पुलिस द्वारा चलाई गई गोली आरोपी जितेंद्र सिंह के पैर में जा लगी, जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के तुरंत बाद पुलिस ने घायल बदमाश को हिरासत में लेकर इलाज के लिए महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।


पुलिस मुठभेड़ के बाद इलाके में हड़कंप मच गया, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

# अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई

## एक डम्पर व एक लोडर जब्त, खारी नदी क्षेत्र में सख्त निगरानी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

जिले में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में अवैध बजरी खनन व परिवहन में प्रयुक्त एक डम्पर व एक लोडर को जब्त किया गया है। पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी ओमप्रकाश कासनिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा खारी नदी क्षेत्र में लगातार निगरानी रखते हुए 24 जनवरी को रात लगभग 9:45 बजे, सरहद स्थित ग्राम दोला का खेड़ा क्षेत्र में की है । जहाँ अवैध बजरी परिवहन में प्रयुक्त डम्पर तथा एक बिना नंबर का लोडर जब्त किया गया। पुलिस की इस कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।




# अवैध स्मैक तस्करी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार , करीब 11 लाख रुपये की स्मैक जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 11 लाख रुपये मूल्य की अवैध स्मैक जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 55.47 ग्राम अवैध स्मैक जब्त की है।

थानाधिकारी स्वागत पाण्डया ने बताया कि 24 जनवरी को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एनएच-27 पुरोहितों का खेड़ा क्षेत्र में दो संदिग्ध व्यक्ति खड़े हैं, जिनके पास अवैध मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना की पुष्टि होने पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दोनों संदिग्धों को पकड़ा।



प्रतीकात्मक इमेज

पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम मनोज पुत्र जयपाल बंजारा (36) निवासी मालीपुरा चौराहा बिजोलिया तथा राकेश माली पुत्र मोतीलाल माली (28) निवासी मालीपुरा चौराहा बिजोलिया बताए। तलाशी लेने पर दोनों के पास से कुल 55.47 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पुलिस ने मौके पर ही स्मैक जब्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया तथा मामला दर्ज किया गया। मामले में अनुसंधान जारी है।

# गणतंत्र दिवस पर कस्बा रोशनी से नहाया, नगर पालिका ने कराई भव्य विद्युत सजावट



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया :

कस्बे में गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगर पालिका द्वारा जगह-जगह आकर्षक विद्युत सज्जा कराई गई है, जिससे पूरे नगर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है।

इस दौरान नगर के प्रमुख सरकारी कार्यालयों को विशेष रूप से रोशनी से सजाया गया है। वहीं मुख्य मार्ग पंचायत चौक से सब्जी मंडी तक नगर पालिका द्वारा विद्युत पोलों पर तिरंगा लाइटें लगाई गई हैं, जो आने-जाने वाले लोगों को खासा आकर्षित कर रही हैं।

तिरंगे रंगों की जगमगाती रोशनी से पूरा कस्बा रोशन हो उठा है और रात के समय नगर की सुंदरता देखते ही बन रही है।



# रामचरण जी महाराज का 307 वां प्राकट्य महोत्सव

## श्री रामनिवास धाम, शाहपुरा में विजयवर्गीय समाज करेगा दो दिवसीय आयोजन, 398 भोग थालों के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचंद पेसवानी।** रामस्नेही संप्रदाय के संस्थापक एवं आद्याचार्य महाप्रभु स्वामी रामचरण जी महाराज का 307वां प्राकट्य महोत्सव आगामी 1 फरवरी रविवार को श्री रामनिवास धाम, शाहपुरा में श्रद्धा, भक्ति और भव्य आयोजनों के साथ मनाया जाएगा। अखिल भारतीय विजयवर्गीय मेवाड़ महासभा के तत्वावधान में आयोजित यह महोत्सव दो दिवसीय होगा, जिसमें देशभर से विजयवर्गीय समाज के लोग एवं रामस्नेही संप्रदाय के संतगण भाग लेंगे।

**दो दिवसीय कार्यक्रमों की होगी श्रृंखला**

रामचरण जी महाराज जयंती संयोजक कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि वरिष्ठ संत रामनायण देवास एवं कार्यवाहक भंडारी संत जगवलभ राम की प्रेरणा से यह आयोजन किया जा रहा है। महासभा अध्यक्ष घनश्याम विजयवर्गीय के नेतृत्व में 31 जनवरी और 1 फरवरी को विविध धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

**पहले दिन डिजिटल परिचय अधिवेशन व रात्रि जागरण**

महोत्सव की शुरुआत 31 जनवरी शनिवार को विजयवर्गीय समाज के युवक-युवतियों के डिजिटल परिचय अधिवेशन से होगी, जिससे देशभर के समाजबंधु एक-दूसरे से जुड़ सकेंगे। इसी दिन रात्रि में रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज के सानिध्य में भव्य रात्रि जागरण आयोजित होगा, जिसमें भजन-कीर्तन और रामनाम संकीर्तन से वातावरण भक्तिमय बनेगा।

**398 भोग थालों के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

मुख्य आयोजन 1 फरवरी रविवार को होगा। प्रातःकाल राममेडिया से 398 भोग थालों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे, छत्र, चंवर और शाही लवाजमे के साथ निकलने वाली शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई श्री रामनिवास धाम पहुंचेगी। श्रद्धालु भजन गाते और नृत्य करते हुए शोभायात्रा में शामिल होंगे।

**धर्मसभा में संतों के प्रवचन**

शोभायात्रा के समापन के बाद श्री रामनिवास धाम में विशाल धर्मसभा का आयोजन किया जाएगा। धर्मसभा में आचार्य श्री रामदयाल जी महाराज के आशीर्वचन होंगे। संतगण महाप्रभु रामचरण जी महाराज के जीवन, तपस्या, उपदेशों और रामस्नेही संप्रदाय की परंपराओं पर प्रकाश डालेंगे। समाज और धर्म के उत्थान पर भी विचार रखे जाएंगे।

**रामनिवास धाम बनेगा आस्था का केंद्र**

आयोजन समिति ने बताया कि प्राकट्य महोत्सव के अवसर पर श्री रामनिवास धाम को विशेष रूप से सजाया जाएगा। श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, प्रसाद एवं सत्संग की व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। आयोजन को लेकर शाहपुरा नगर में धार्मिक वातावरण बनना शुरू हो गया है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

आयोजन समिति ने समाजजनों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने की अपील की है।

# सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर पीएचसी सलावटिया का निरीक्षण




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**रमेश गुर्जर।** ब्लॉक के आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सलावटिया का उपखंड अधिकारी अजित सिंह राठौड़ ने चिकित्सकीय व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी राठौड़ ने पीएचसी पर संचालित मुख्यमंत्री की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा योजना, मुख्यमंत्री निःशुल्क जांच योजना, जननी सुरक्षा योजना आदि की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने योजनाओं के प्रभावी एवं बेहतर क्रियान्वयन हेतु संबंधित स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। इस अवसर पर पीए रौशन मीणा, डॉ. पूजा मीणा, नर्सिंग ऑफिसर नारायण लाल माली, सोनी कुमारी रैगर, फार्मासिस्ट कप्तान सिंह मीणा तथा अनिता सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# अधूरी सीसी सड़क फिर बनी जनता की मुसीबत

## दो बार अटक चुका निर्माण, धूल-गड्ढों से दुकानदार और वाहन चालक बेहाल



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़**

कस्बे के मालीपुरा से नेशनल हाईवे कट तक लगभग एक किलोमीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण आमजन के लिए गंभीर परेशानी का कारण बनता जा रहा है। डीएमएफटी फंड से स्वीकृत करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बन रही यह सड़क निर्माण पूरा होने से पहले अब तक दो बार अटक चुकी है। वर्तमान में एक बार फिर काम पूरी तरह बंद पड़ा है, जिससे लोगों में भारी आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार बीते वर्ष 26 अप्रैल को सड़क निर्माण कार्य शुरू हुआ था। शुरुआत में पुरानी सड़क को खोदकर गिट्टी उखाड़ी गई, लेकिन कुछ ही समय बाद ठेकेदार ने काम रोक दिया। कुछ दिन बाद दोबारा काम शुरू हुआ, जिससे लोगों को राहत की उम्मीद जगी, मगर यह राहत भी अल्पकालिक साबित हुई। अब दूसरी बार ठेकेदार द्वारा काम बीच में छोड़ देने से सड़क की हालत पहले से भी बदतर हो गई है।

सड़क पर फैली गिट्टी, गहरे गड्ढे और दिनभर उड़ती धूल से वाहन चालकों के साथ-साथ दुकानदार भी परेशान हैं। दुपहिया वाहन चालक आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं, वहीं चारपहिया और भारी वाहनों की आवाजाही से हालात और बिगड़ गए हैं। दुकानदारों का कहना है कि उड़ती गिट्टी से कई बार ग्राहकों और बच्चों को चोट लग चुकी है, जिससे व्यापार पर भी असर पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां ठेकेदार बार-बार काम छोड़कर भाग जाता है, जबकि सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी आंख मूंदे बैठे हैं। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से अब तक नियमित रूप से पानी का छिड़काव तक नहीं किया गया, जिससे धूल दुकानों, घरों और खाने-पीने की सामग्री तक पहुंच रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की बदहाली के चलते सांस, आंख और त्वचा से जुड़ी बीमारियां बढ़ने लगी हैं। खासकर बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सड़क निर्माण कार्य को तुरंत फिर से शुरू कराया जाए, लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और जब तक काम पूरा नहीं होता, तब तक नियमित पानी का छिड़काव कर आमजन को राहत दी जाए।

ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# सूर्या सप्तमी पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

**नरेश धाकड़।** सूर्या सप्तमी के पावन अवसर पर ब्लॉक बिजौलिया के अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर छोटी बिजोलिया एवं मकरेडी में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय विद्यालयों में अवकाश के चलते यह कार्यक्रम एक दिन पूर्व आयोजित कर बच्चों एवं ग्रामीणों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर छोटी बिजोलिया में कार्यक्रम योग प्रशिक्षक ममता धाकड़ द्वारा तथा मकरेडी में अभिषेक तैली के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित जनसमूह को सूर्य नमस्कार के शारीरिक, मानसिक एवं आत्मिक लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित सूर्य नमस्कार से शरीर सुदृढ़ होता है, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, मानसिक तनाव कम होता है और जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव आता है।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं ग्रामीणों ने उत्साह और अनुशासन के साथ सूर्य नमस्कार किया।

इस अवसर पर ब्लॉक नोडल प्रभारी डॉ. संजय नागर ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा सूर्य नमस्कार स्वस्थ जीवन की आधारशिला है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।



बिजोलिया : सूर्य नमस्कार करते हुए

कार्यक्रम में डॉ. सीमा नागर, डॉ. अमित यादव सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सूने मकान की चोरी का खुलासा, दो शातिर गिरफ्तार, एक अब भी फरार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

विवेकानंद नगर क्षेत्र में सूने मकान में हुई लाखों की चोरी की वारदात का गांधीनगर थाना पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले में दो शातिर आरोपितों फरहान खान निवासी मीरा नगर तथा दिनेश रेगर निवासी कोठियां थाना फुलियाकला को गिरफ्तार किया है, जबकि उनका एक अन्य साथी अभी फरार है।


पुलिस के अनुसार परिवार भजन संध्या में शामिल होने गया हुआ था, इसी दौरान चोरों ने मकान के ताले तोड़कर जेवरात चुरा लिए। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर सूचना के आधार पर आरोपितों को पकड़ा गया, जिन्होंने पूछताछ में वारदात कबूल कर ली।

पुलिस फरार आरोपी की तलाश के साथ-साथ चोरी गए जेवरात की बरामदगी के प्रयास कर रही है।

# अवैध बजरी खनन पर बड़ी कार्रवाई

## एक डम्पर व एक लोडर जब्त, खारी नदी क्षेत्र में सख्त निगरानी

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



जिले में अवैध बजरी खनन एवं परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शम्भूगढ़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में अवैध बजरी खनन व परिवहन में प्रयुक्त एक डम्पर व एक लोडर को जब्त किया गया है।

पुलिस ने कार्रवाई थानाधिकारी ओमप्रकाश कासनिया के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा खारी नदी क्षेत्र में लगातार निगरानी रखते हुए 24 जनवरी को रात लगभग 9:45 बजे, सरहद स्थित ग्राम दोला का खेड़ा क्षेत्र में की है । जहाँ अवैध बजरी परिवहन में प्रयुक्त डम्पर तथा एक बिना नंबर का लोडर जब्त किया गया।

पुलिस की इस कार्रवाई से बजरी माफियाओं में हड़कंप मच गया है।












# श्री धाकड़ महासभा की बैठक सम्पन्न , बच्चों को संस्कार व 'जीवन जीने की कला' सिखाने पर दिया गया जोर

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया ।**

**(नरेश धाकड़)।** श्री धाकड़ महासभा की बैठक महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष दीपसिखा धाकड़ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में बच्चों को संस्कार देने तथा उन्हें जीवन जीने की कला सिखाने पर विशेष जोर दिया गया।




बैठक में बताया गया कि बच्चों को जीवन जीने की कला सिखाने का उद्देश्य उन्हें खुशहाल, संतुलित एवं अनुशासित जीवन के लिए तैयार करना है। इसके अंतर्गत बच्चों में सकारात्मक दृष्टिकोण, एकाग्रता, आत्म-संयम, सहजता तथा प्रेम, सहयोग व साझा करने जैसे मूल्यों का विकास आवश्यक है, जिससे उनका शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो सके।

बैठक में बच्चों के लिए सकारात्मक सोच विकसित करने, हर परिस्थिति में खुश रहना, जीवन के छोटे-छोटे पलों में आनंद ढूंढना, योग, प्राणायाम व ध्यान के माध्यम से भावनात्मक एवं मानसिक मजबूती बढ़ाने, नियमित दिनचर्या, स्वच्छता, अनुशासन, ईमानदारी तथा अच्छी संगति के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही माता-पिता एवं बड़ों के सम्मान, सेवा भावना तथा सहानुभूति को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया।

आदर्श धाकड़ विद्यापीठ के प्रिंसिपल सत्यनारायण धाकड़ ने बताया कि विवेक-सुषमा चेयरेबल ट्रस्ट की ओर से बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसकी शुरुआत आदर्श धाकड़ विद्यापीठ विद्यालय से की जाएगी। इसके बाद अन्य विद्यालयों को भी इस अभियान से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे।

बैठक में धाकड़ समाज अध्यक्ष मांगीलाल धाकड़, समाज पंचायत सचिव शंकरलाल धाकड़, सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष ओमप्रकाश धाकड़, आदर्श धाकड़ विद्यापीठ सचिव रमेश धाकड़, थड़ौदा प्रशासक राजेश धाकड़, पूर्व सरपंच शंकरलाल धाकड़, श्री धाकड़ महासभा के राष्ट्रीय संगठन मंत्री पप्पूलाल धाकड़, प्रदेश महामंत्री दुर्गेश धाकड़, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश धाकड़, एडवोकेट रामफूल धाकड़, मनीष धाकड़, सोहनलाल धाकड़, दिनेश धाकड़ सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



संवाददाता नरेश धाकड़




# माही सप्तमी पर देवालयों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

## देवनारायण भगवान का 1114वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)।** कस्बे सहित सोपुरा, सालरिया, ढ़ेलाणा, बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, रेड़वास, जित्यास, नोहरा, कालिरडिया, कुड़ी, बोरखेड़ा, बोर्डियास, खजीना, कांदा, पिथास, सोलंकिया का खेड़ा सहित अनेक गांवों में माही सप्तमी के अवसर पर देवनारायण भगवान का 1114वां जन्मोत्सव देवालयों में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया।





माही सप्तमी की पूर्व संध्या पर विभिन्न मंदिरों में रात्रि जागरण आयोजित किए गए। इस दौरान विशेष पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं ने देवनारायण भगवान को खीर का भोग अर्पित कर घर-परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया।

ढ़ेलाणा गांव में बालक देवजी मंदिर पर हरि बोल प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। वहीं खरेड़ देवनारायण मंदिर पर विशाल भजन संध्या का आयोजन हुआ, जो भोर तक चली। भजन संध्या की शुरुआत हर्षित लोहार ने गणपति व गुरु वंदना से की और 'भक्ती भोज कंवर प्यारी माया पावणी आगी...' सहित कई भजनों की प्रस्तुति दी। इसके पश्चात आयुष शर्मा ने 'धीरे-धीरे चाल मारी जोगणियां माराणी...' जैसे भक्तिमय भजनों से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

भजन गायक श्रवण ने 'मामी मतना बोलो कड़वा-कड़वा बोल नारायण छोटियो बालकियो...' सहित सांवरा सेठ और देवनारायण भगवान के भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर भक्तगण झूमते नजर आए।

कार्यक्रम का मंच संचालन कुमार शिव ने किया। भजन संध्या के दौरान मंदिर की आकर्षक सजावट श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रही।






# राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद ने समाजसेवियों का किया अभिनंदन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राष्ट्रीय मानव अधिकार परिषद, के तत्वावधान में कोटड़ी चारभुजा स्थित चौथ माता मंदिर परिसर में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिषद द्वारा समाजसेवी ज्ञानचंद पगारिया एवं अंकित पगारिया का शाल, माला व दुपट्टा पहनाकर सम्मानपूर्वक स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद के जिलाध्यक्ष मनीष बंब ने कहा कि निस्वार्थ भाव से समाज सेवा करने वाले व्यक्तित्व ही समाज की दिशा और दशा बदलते हैं। पगारिया परिवार द्वारा सामाजिक, धार्मिक एवं मानव सेवा के क्षेत्र में निरंतर किए जा रहे कार्य प्रेरणादायक हैं।

परिषद के मार्गदर्शक महावीर गांधी ने कहा कि मानव अधिकारों की रक्षा केवल कानून से नहीं, बल्कि सेवा, संवेदना और सामाजिक सहभागिता से संभव है। जब समाजसेवी सेवा को जीवन का उद्देश्य बना लेते हैं, तब समाज स्वतः सशक्त बनता है। पगारिया जैसे व्यक्तित्व नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

सम्मानित समाजसेवी ज्ञानचंद पगारिया एवं अंकित पगारिया ने परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के मार्ग पर और अधिक सक्रिय रहने की प्रेरणा देगा।

कार्यक्रम में परिषद के जिला उपाध्यक्ष ललित बोहरा, कमल वैशनानी, अलका बंब, सुनीता गांधी, प्राचीर समदानी, रिखबचंद पीपाड़ा सहित परिषद के पदाधिकारीगण व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक पलः काछोला में महाराणा प्रताप प्रतिमा का भव्य अनावरण समारोह

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला




महाराणा प्रताप की प्रतिमा का रविवार को मेन बस स्टैंड पर भव्य अनावरण श्रद्धा और राष्ट्रभक्ति के माहौल में सम्पन्न हुआ। मंत्रोच्चार के साथ जैसे ही प्रतिमा का अनावरण हुआ, कस्बा हर-हर महादेव, जय एकलिंग नाथ और महाराणा प्रताप अमर रहें के नारों से गूंज उठा। ढोल-नगाड़े, गाजे-बाजे और पुष्पवर्षा ने वातावरण को शौर्यपूर्ण बना दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूजीपीएफ चेयरमैन मेघराज सिंह रॉयल, विशिष्ट अतिथि गोपाल खंडेलवाल और अध्यक्षता चंद्रवीर सिंह नमाना ने की। अनेक जनप्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में महिला, पुरुष, युवा व बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए।

वक्ताओं ने महाराणा प्रताप को स्वाभिमान, स्वतंत्रता और मातृभूमि रक्षा का प्रतीक बताते हुए युवाओं से उनके आदर्श अपनाने का आह्वान किया।





















स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।